# हरी विद्या भवन

## कक्षा – Nursery

## विषय- हिन्दी worksheet

दिनांक:16/12/20

प्र०1) अ से अ: तक लिखो।


______________________________________________

______________________________________________

प्र०2) स्वर से बनने वाले शब्दो से मिलन करो।

| | |
|---|---|
| आ | ईख |
| ई | आम |
| ए | ऊन |
| ऊ | एड़ी |
| अं | ओखली |
| ओ | अंगूर |

प्र०3) चित्र में रंग भरो।



# हरी विद्या भवन

## कक्षा – Kg

## विषय- हिन्दी worksheet

**दिनांक:16/12/20**

**प्र॰1) वर्णमाला लिखो। ( अ से अ: तक और क से ज्ञ तक )**

---

---

---

**प्र॰2) ओ की मात्रा से बनने वाले शब्द लिखो।**

1. घोड़ा
2. मोर
3. झोला
4. ढोलक
5. मोती

**प्र॰3) ओखली का चित्र बनाओ और उसमे रंग भरो।**

# हरि विद्या भवन

## कक्षा :- 1

## हिंदी संशोधन वर्कशीट

**तिथि :- 16.12.20**

**निर्देश :- दिए गए पाठों को पढ़े तथा इन पाठों से संबंधित वीडियो देखें। इस वर्कशीट को ध्यानपूर्वक हिंदी की कॉपी में करें।**

**प्रश्न 1 :- शब्द अर्थ**

1. आसमान - आकाश
2. गुमसुम - चुपचाप
3. उदास – दुखी
4. मौसम – ऋतु
5. सुख - प्रसन्न

**प्रश्न 2 :- रिक्त स्थान भरो ।**

1. रंग – बिरंगी तितलियाँ उड़ रही थी ।
2. फलों के राजा आम का रंग पीला होता है ।
3. आसमान में पतंग उड़ रही थी ।
4. इंद्रधनुष बारिश के बाद निकलता है ।
5. सूरज चाचू ने बादल राजा की बच्चों को ढूढ़ने की तरकीब बताई ।

**प्रश्न 3 :- दिए गए शब्दों में "अं" तथा "अँ" की मात्रा लगाओ ।**

1. दात - दाँत
2. चाद - चाँद
3. तालिया - तालियाँ
4. हस - हंस
5. पलग - पलंग
6. सदूक – संदूक

**प्रश्न 4 :- बहुवचन शब्द**

1. सहेली – सहेलियाँ
2. कहानी – कहानियाँ
3. मटका – मटके
4. अलमारी – अलमारियाँ
5. डिब्बा - डिब्बे

**प्रश्न 5 :- नीले आकाश की एक गली में कितने दोस्त रहते थे ?**

**उत्तर :- नीले आकश की एक गली में सात दोस्त रहते थे ।**

**प्रश्न 6 :- बारिश होने के बाद क्या हुआ ?**

**उत्तर :- बारिश होने के बाद सातों दोस्त बाहर आ गए ।**

**प्रश्न 7 :- बादल राजा ने बच्चों के साथ कौन - सा खेल खेला ?**

**उत्तर :- बादल राजा ने बच्चों के साथ लुका – छिपी का खेल खेला ।**

प्रश्न 8 :- दीदी बच्चों के साथ कहाँ गई थी ?

उत्तर :- दीदी बच्चों के साथ बाग में गई थी ।

प्रश्न 9 :- बच्चों के साथ दीदी ने कौन – सा खेल खेला ?

उत्तर :- बच्चों के साथ दीदी ने पहेलियों का खेल खेला ।

हरी विद्या भवन

कक्षा-2

विषय- हिंदी

मूल्यांकन कार्य

दिनांक--16-12-2020

निर्देश

1.अब से सभी संबंधित विषयों की वर्कशीट notebook में पूरा किया जाना अनिवार्य है।

2.यह वर्कशीट आपके periodic test के रूप में मानी जाएगी, इसके पूरा होने पर ही आपको अंक दिए जाएंगे अन्यथा स्कूल खुलने पर आपको पेन पेपर टेस्ट देना होगा।

3. हर विषय को पढ़ें जो आपके पाठ्यक्रम की पुस्तक के अध्याय की वर्कशीट में दिया जाएगा।

4.सभी छात्रों को पाठ्यक्रम की पुस्तक खरीदनी चाहिए क्योंकि यह आपको अध्याय को समझने में सक्षम होगी।

5.Next curriculum एप्लिकेशन का वीडियो देखें।

6. वर्कशीट से संबंधित सभी प्रश्नों को सुबह 8:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक हल किया जाएगा।

क) निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1) अथर्व अपने मम्मी पापा के साथ कहां रहता था?

उत्तर) i) दिल्ली ii) जयपुर

2अथर्व के नाना जी कहां रहते थे?

उत्तर) i) लखनऊ ii) कानपुर

3)बाल दिवस कब मनाया जाता है?

उत्तर) i) 14 नवंबर. ii) 14 दिसंबर

4)अथर्व ने किस से सुझाव मांगा?

उत्तर) i) पिताजी से        ii) नाना जी

5) क्या अथर्व के नाना जी ने उसे सुझाव दिया?

उत्तर) i) हां        ii) नहीं

6)अथर्व और उसके दोस्त मिलकर कहां गए?

उत्तर) i) मुस्कान सदन        ii) सांसद भवन

7)अथर्व और उसके दोस्तों ने अखबार से क्या बनाया?

उत्तर) i) कार्ड        ii) टोपियां

8)बाल दिवस किसके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है?

उत्तर) i) महात्मा गांधीजी        ii) जवाहरलाल नेहरू

9)प्रदेश में क्या होता है?

उत्तर) i) शहर        ii) देश

10) रिया कहां रहती थी?

उत्तर) i) गांव में.        ii) घर में

11)मोहल्ले में क्या होता है?

उत्तर) i) गली        ii) प्रदेश

12)क्रिया शब्द चुनिए।

उत्तर) i) खेलना.    ii) उपहार

13)क्रिया शब्द चुनिए।

उत्तर) i) लिखना    ii) पत्र

14)क्रिया शब्द चुनिए।

उत्तर) i) पुरानी    ii) उठना

15)क्रिया  शब्द  चुनिए।

उत्तर) i) गाना    ii) अमित

16) क्रिया शब्द चुनिए।

उत्तर) i) ठंडी    ii) हँसना

17)शुद्ध वर्तनी चुनिए।

उत्तर) i) प्रदेश.    ii) परदेश

18) शुद्ध वर्तनी चुनिए।

उत्तर)i) देहली.    ii) दिल्ली

19)शुद्ध वर्तनी चुनिए।

उत्तर) i) मोहल्ले.    ii) मौहल्ले

20) शुद्ध वर्तनी चुनिए।

i) स्कूल.  ii) सकूल

**हरि विद्या भवन**

**कक्षा - 3**

**विषय- हिंदी**

**Revision worksheet**

**दिनाँक – 16/12/2020**

**निर्देश :-**

**अपनी स्कूल नोटबुक में इस वर्कशीट का अभ्यास करें।**

**1) कविता की अधूरी पंक्तियों का पूरा करें।**

**सूरज आता कभी सिर पर,**

**तो कभी दाएँ-बाएँ जाता है।**

**चंदा भी कभी दिखता गोल-मटोल,**

**टेढ़ा और गायब हो जाता है।**

**जाने क्यूँ ऐसा होता है?**

**2) क्रिया की परिभाषा लिखें।**

**उत्तर- किसी भी काम के होने या करने के विषय में बताने वाले शब्द क्रिया कहलाते हैं, जैसे – उठना, बैठना, खाना, पीना आदि।**

**3) दिए गए वाक्यों में से सही के सामने {√} और गलत के सामने {×} बनाएँ।**

1) किसान भालू को देखते ही डर गया। {√}

2) किसान ने सबसे पहले आलू की फसल उगाई। {√}

3) किसान के फ़सल न देने पर भालू ने किसान को घायल कर दिया। {×}

4) अंत में भालू किसान की चतुराई समझ गया और वहाँ से चला गया। {√}

**4) दिए गए मुहावरों के सही अर्थ के सामने सही का निशान लगाएँ।**

1) पैर पटकते हुए जाना

धोखा देना गुस्से से चले जाना (√)

2) चैन की साँस लेना

बेचैन होना राहत मिलना (√)

3) बाट जोहना

इंतजार करना (√) फसल काटना

**5) शब्द - अर्थ**

1) विदूषक - हँसी - मजाक करने वाला

2) राजकोष - राज्य का खजाना

**6) सभी दरबारियों को सोने के सिक्कों की थैलियाँ देकर राजा क्या जानना चाहता था?**

उत्तर- राजा सभी दरबारियों को सोने के सिक्कों की थैलियाँ देकर उनकी सूझ-बूझ की परीक्षा लेना चाहता था।

7) तेनालीरामन को छोड़कर अन्य सभी दरबारियों ने खरीदारी क्यों नहीं की?

उत्तर- तेनालीरामन को छोड़कर अन्य सभी दरबारियों ने खरीदारी इसलिए नहीं की क्योंकि वे राजा का उनका चेहरा देखकर खरीदारी करने वाली शर्त पूरी नहीं कर पाए।

8) कहानी में आए मुहावरों को ढूंढकर उनके अर्थ लिखें।

1) आँखों का तारा - बहुत प्यारा

2) भौचक्का रहना - हैरान होना

3) खुशी का ठिकाना ना होना - बहुत खुश होना

9) कहानी में ये वाक्य किसने कहे?

1) सभी को यह धनराशि एक सप्ताह के भीतर खत्म करनी होगी। - राजा ने

2) तुम सभी को कुछ भी खरीदने से पहले मेरा चेहरा अवश्य देखना होगा। - राजा ने

3) क्या खरीदारी करते समय राजा तुम्हारे साथ थे? - दरबारी ने

4) खरीदारी करते समय राजा मेरे साथ नहीं थे। - तेनालीरामन ने

10) कविता की इन पंक्तियों में आए क्रिया शब्द ढूँढ़कर रेखांकित करें।

**सारी चीजें गिरती धरती पर,**

**धुआँ आसमान में उठता है।**

**सूरज आता कभी सिर पर,**

**तो कभी दाएँ- बाएँ जाता है।**

**क्रिया शब्द-** **गिरती, उठता, आता, जाता**

**हरि विद्या भवन**

**कक्षा - 4**

**विषय- हिंदी**

**Revision worksheet**

**दिनाँक – 16/12/2020**

**निर्देश :-**

**अपनी स्कूल नोटबुक में इस वर्कशीट का अभ्यास करें।**

**क) शब्द – अर्थ**

1) सुंदरतम - सबसे सुंदर

2) न्योता - निमंत्रण

3) आकृति - रूप

**ख) निम्न प्रशनो के उत्तर लिखे:-**

1) विशेषण किसे कहते है?

उत्तर- जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता (गुण, संख्या, मात्रा या परिमाण आदि) बताते हैं विशेषण कहलाते हैं |

2) विशेषण के कितने भेद होते है?

उत्तर- विशेषण के निम्नलिखित चार भेद होते हैं।

¡- **गुणवाचक विशेषण** – संज्ञा या सर्वनाम शब्दों के गुण-दोष संबंधी विशेषता बताने वाले शब्द को गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

ii- <u>संख्यावाचक विशेषण</u> - संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की संख्या संबंधी विशेषता बताने वाले शब्द को संख्यावाचक विशेषण कहते हैं।

iii- <u>परिमाणवाचक विशेषण</u> - संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की माप-तोल संबंधी विशेषता बताने वाले शब्द को परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।

iv- <u>सार्वनामिक या संकेतवाचक विशेषण</u> – संज्ञा शब्दो से पहले लगकर उनकी विशेषता की ओर संकेत करने वाले शब्द को संकेतवाचक विशेषण कहते हैं।

**3) गांधीजी का पूरा नाम क्या था?**

**उत्तर-** गांधीजी का पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था।

**4) गांधीजी का जन्म कब और कहाँ हुआ था?**

**उत्तर-** गांधीजी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 में गुजरात के पोरबंदर में हुआ था।

**5) गांधीजी ने अपने शिक्षा कब और कहाँ से प्राप्त की?**

**उत्तर-** गांधीजी ने 1887 में दसवीं पास की और 1888 में कानून की पढ़ाई करने के लिए यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन चले गए। 1891 में उन्होंने कानून की पढ़ाई पूरी की।

**6) काका पपाइरस कौन थे?**

**उत्तर-** काका पपाइरस दीवार पर टंगे एक पुराने पोस्टर थे।

**7) 'पपाइरस' को किसके आने का इंतजार था और क्यों?**

उत्तर- ‘पपाइरस’ को मीनू के आने का इंतजार था। वह रोज की तरह जानना चाहता था कि मीनू ने दिनभर क्या-क्या किया।

ग) मीनू की डायरी के कुछ अधूरे वाक्य नीचे दिए गए हैं। इन्हें पूरा करें।

1) मैं हूँ ‘पपाइरस’। मैं अपनी प्यारी दोस्त मीनू की डायरी का एक पन्ना हूँ।

2) पहले सभी पत्थरों या पत्तों आदि पर लिखा करते थे।

3) पपाइरस की खोज मिस्र के लोगों ने की थी।

4) चीन के कई लुन ने एक अनोखी तकनीक से पपाइरस को तैयार किया।

5) पपाइरस का सही उपयोग करके हम न केवल स्वयं बल्कि प्रकृति को भी लाभ पहुँचा सकते हैं।

घ) सही कथन के आगे ( √ ) और गलत कथन के आगे (×) का निशान लगाएँ।

1) जैक की यह दूसरी समुद्री यात्रा थी। (×)

2) दोनों पहले भी जलपरी देख चुके थे। (×)

3) जलपरी उनको आसमान में लेकर गई। (×)

4) दोनों ने तय किया कि वे किसी को भी जलपरी के बारे में नहीं बताएँगे। ( √ )

5) पानी में साँस लेने के लिए उनके मुँह पर मास्क था। ( √ )

# हरि विद्या भवन

## कक्षा - 5

## विषय- हिंदी

## Revision worksheet

दिनाँक – 16/12/2020

निर्देश :-

**अपनी स्कूल नोटबुक में इस वर्कशीट का अभ्यास करें।**

**अकर्मक क्रिया** - जिन वाक्यों में क्रिया का कर्म ना हो, उनमें अकर्मक क्रिया होती है।

**सकर्मक क्रिया** - जिन वाक्यों में क्रिया का कर्म संभव है, उनमें सकर्मक क्रिया होती है।

**श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द** - ऐसे शब्द जो सुनने में तो सामान लगते हैं लेकिन उनका अर्थ भिन्न होता है उन्हें श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द कहते हैं, **जैसे** – 'ओर' का अर्थ है तरफ़ व 'और' का अर्थ है तथा।

**क्रिया-विशेषण** - विशेषण शब्द संज्ञा की विशेषता बताते हैं जबकि क्रिया-विशेषण शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं।

क्रिया विशेषण के चार प्रकार होते हैं।

| प्रकार | अर्थ | उदहारण |
|---|---|---|
| रीतिवाचक | यह क्रिया की रीति यानी काम किस ढंग | कछुआ धीरे-धीरे चलता है। |

| | | |
|---|---|---|
| | से हो रहा है, के बारे में बताते हैं। | खरगोश तेज़ दौड़ता है |
| स्थानवचक | यह क्रिया के स्थान के बारे में बताते हैं। | बाहर खेलो।<br>अंदर चलकर बैठो। |
| कालवाचक | यह क्रिया के समय के बारे में बताते हैं। | वह अभी-अभी आया है।<br>मैं प्रतिदिन सैर करता हूँ। |
| परिमाणवाचक | ये क्रिया के परिमाण यानी मात्रा या मापतोल के बारे में बताते हैं। | तुम मिर्च मसाले वाला खाना कम खाया करो।<br>वह बहुत बोलता है। |

## क) शब्द-अर्थ

1) हस्ती - अस्तित्व

2) आबाद - खुशी से रहना

3) पृथ्वीमापक - पृथ्वी की लंबाई, चौड़ाई मापने वाला

4) भौंचक्के - अत्यधिक हैरान

## ख) दिए गए शब्दों के पर्यायवाची और विलोम शब्द लिखें।

| | पर्यायवाची शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|
| 1) रात | रात्रि | दिन |
| 2) प्रकाश | रोशनी | अंधकार |

3) मनुष्य		मानव		राक्षस

**ग) दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें।**

1) जिस पर विश्वास न किया जा सके - अविश्वसनीय

2) हिंसा करने वाला - हिंसक

3) तेज़ बुद्धि वाला - कुशाग्र बुद्धि

**घ) दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर (√) का निशान लगाएँ।**

1) "दीवानों की हस्ती" कविता आधारित है –

मस्त मौला यात्री के अनुभव पर (√)

पर्यटन स्थल संबंधी विशेषताओं पर

2) 'आए बनकर उल्लास अभी, आंसू बनकर बह चले अभी'। पंक्ति का आशय है।

लोगों को दीवाने व्यक्तियों के आने की खुशी और जाने का गम होता है। (√)

लोगों को दीवाने व्यक्तियों के जाने की खुशी और आने का गम होता है।

3) "दीवानों की हस्ती" कविता के रचनाकार हैं।

ठाकुर श्रीनाथ सिंह

भगवतीचरण वर्मा (√)

4) नवाब के दिए फरमान को किसने पूरा किया।

गोपालदास (√)

महाराज कृष्णचंद्र

5) इनाम के रूप में नवाब ने गोपालदास को कितने रुपए दिए।

बीस लाख

दस लाख (√)

6) नवाब ने पृथ्वी की लंबाई व चौड़ाई मापने का फरमान किसे दिया।

गोपालदास

महाराज कृष्णचंद्र (√)

7) गुनो और कोयो कहाँ की लोककथा है।

मलेशिया

इंडोनेशिया (√)

8) गुनो नाम का मतलब होता है।

बेईमान

मददगार (√)

9) कोयो नाम का मतलब होता है।

अमीर (√)

गरीब

10) लोक कथाओं की विशेषता होती है कि,

इनमें आधी सच्चाई और आधी कल्पना होती हैं। (√)

यह पूर्णता सच्चाई और कल्पना पर आधारित होती हैं।